हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 6 अप्रैल 2024

06 आचार संहिता के दौरान फरार बदमाशों वारंटियों की...



07 एसडीएम के निरीक्षण में 27 कर्मचारी, 9 गार्ड मिले ...





**लोकसभा क्षेत्र**
रीवा
1 **भाजपा प्रत्याशी**
जनार्दन मिश्रा
2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
नीलम मिश्रा

**पिछली बार कौन जीता**
जनार्दन मिश्रा
**जीत का अंतर**
3 लाख 12 हजार 807

### क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इन चुनाव में अन्य क्षेत्रों की तरह रीवा में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। इस बार यहां प्रत्याशियों का चेहरा भी महत्वपूर्ण है। बसपा अपने युवा प्रत्याशी के लिए युवाओं का समर्थन मांग रही है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों को आगे कर वोट मांग रही है। अयोध्या मुद्दा के साथ हिंदू-मुस्लिम राजनीति भी उसे मजबूत करती है। दूसरी तरफ कांग्रेस लोकतंत्र को खतरे में बता रही है। वह देश के अंदर महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाने की कोशिश में है। कांग्रेस का कहना है देश की जांच एजेंसिया भाजपा के पास कब्जे में हैं।

## तीन लोकसभा चुनाव जीत चुकी बसपा, भाजपा की ओर से फिर जनार्दन, कांग्रेस ने नीलम को दिया टिकट

# रीवा में खेल बिगाड़ती है बसपा, पर मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के ही बीच

*रीवा लोकसभा सीट का राजनीतिक मिजाज कुछ अलग है। यहां किसी भी चुनाव में कुछ भी हो सकता है। यह प्रदेश की एकमात्र ऐसी सीट है, जहां बसपा तीन चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी है। अब भी उसे इतने वोट मिलते हैं कि वह किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है। फिलहाल यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुकाबले के आसार हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा तीसरी बार मैदान में हैं। इनकी गिनती फक्कड़ और ईमानदार नेता के तौर पर होती है, जबकि कांग्रेस ने दल बदलने में अव्वल अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। जनार्दन के विपरीत अभय ठेकेदार हैं। इनकी गिनती रसूखदार नेता के रूप में होती है। रीवा में मोदी लहर का असर है, लेकिन अभय मिश्रा की पत्नी मुकाबले को रोचक बना सकती हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

रीवा लोकसभा सीट अब तक किसी दल का गढ़ नहीं बन सकी। पिछले 8 लोकसभा चुनावों पर नजर डालें तो 3 बार बसपा, 4 बार भाजपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है, इसीलिए विश्लेषक इस सीट को लेकर किसी तरफ की भविष्यवाणी करने से बचते हैं। वजह बसपा की मजबूत उपस्थिति है। 2019 में बसपा को मिले 91 हजार से ज्यादा वोटों को छोड़ दें तो पार्टी को हर चुनाव में डेढ़ से दो लाख तक वोट मिले हैं। बसपा को मिलने वाले वाले ये वोट किसी के भी हार-जीत का खेल बिगाड़ सकते हैं। बसपा की ओर से अभिषेक पटेल मैदान में हैं। वे 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा को इस मायने में फक्कड़ माना जाता है कि वे दो कुर्ता-पैजामा बनवाकर राजनीति करते हैं। उनकी गिनती निहायत ईमानदार नेता के तौर पर होती है। कोराना काल में दो साल उन्होंने लोगों के लिए मास्क बनाने का काम किया।



जनार्दन मिश्रा



नीलम मिश्रा

संभवतः इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पसंद करते हैं। हालांकि तीसरी बार उनके खिलाफ कुछ एंटी इंकम्बेंसी भी दिखाई पड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा सेमरिया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रही हैं। उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से कांग्रेस के विधायक हैं। वे जल्दी-जल्दी भाजपा-कांग्रेस में आने-जाने के कारण चर्चित रहे हैं। अभय पेशे से ठेकेदार हैं, पैसे की उनके पास कमी नहीं है। क्षेत्र में उनका संपर्क भी अच्छा है। उनकी गिनीत दबंग नेता के तौर पर भी होती है। इसकी वजह से मुकाबला रोचक दिख सकता है। रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण और पटेल मतदाताओं की तादाद निर्णायक है। संभवतः इसीलिए आमतौर पर भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी ब्राह्मण होते हैं और बसपा से पटेल। बसपा को पटेलों के साथ दलित वर्ग का अच्छा समर्थन मिल जाता है तो वे मुकाबले को त्रिकोणीय बना देते हैं। ऐसे मुकाबले में बसपा कभी-कभी बाजी भी मार ले जाती है।

### विस चुनाव में भाजपा ने बनाई बढ़त

विधानसभा के 4 माह पहले हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में बंपर जीत दर्ज की थी। रीवा लोकसभा क्षेत्र में भी इसका असर देखने को मिला। क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस सिर्फ एक सीट पर सिमट गई। भारतीय जनता पार्टी का सिरमौर, त्यौंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ में कब्जा है, जबकि कांग्रेस का सेमरिया में। सेमरिया से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम के पति अभय मिश्रा विधायक हैं। जीत के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस सेमरिया में महज 637 वोटों के अंतर से चुनाव जीती है, जबकि 7 विधानसभा सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 1 लाख 5 हजार 840 रहा। लोकसभा चुनाव में एक लाख से ज्यादा वोटों का यह अंतर पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### आठ विधानसभा क्षेत्रों में फैली है रीवा लोस सीट

रीवा लोकसभा सीट भौगोलिक दृष्टि से रीवा जिले की 8 विधानसभा सीटों को मिलाकर बनी है। ये सीटें सिरमौर, सेमरिया, त्यौंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ हैं। इस सीट के लिए 1991 से 2019 तक हुए लोकसभा के 8 चुनावों में 4 बार भाजपा, 3 बार बसपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी दो बार 1998 और 2004 में जीते और जनार्दन मिश्रा ने 2014 और 2019 के चुनाव में जीत दर्ज की। बसपा के भीम सिंह पटेल पहली बार 1991 में जीतने में सफल रहे। 1996 के चुनाव में बसपा के बुद्धसेन पटेल जीत गए। 2009 में बसपा के देवराज सिंह पटेल ने जीत दर्ज की। वर्ष 1999 में कांग्रेस के सुंदरलाल तिवारी ने भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी को हराया था। इस बार फिर मुकाबला रोचक है।

### ब्राह्मणों व पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला

रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला माना जाता है। हालांकि यहां दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी कम नहीं है। यही कारण है कि आमतौर पर रीवा में ब्राह्मण और पटेल समाज के नेता ही सांसद बने हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 40 फीसदी के आसपास निर्णायक है, लेकिन यह मतदाता कांग्रेस और भाजपा के बीच बंट जाता है। इसके बाद दलित, पटेल और काछी मतदाताओं की तादाद है। बसपा पटेल को प्रत्याशी बनाती है। इसके साथ बड़ी तादाद में दलित मतदाता जुड़ जाता है। काछी समाज के अलावा क्षत्रिय सहित क्षेत्र में अन्य समाज भी हैं। दलित मतदाता बसपा, भाजपा और कांग्रेस के बीच बंट जाता है।

## मां बगलामुखी मंदिर के समीप करवाया था निर्माण

# नवरात्रि पर्व पर तीर्थ यात्री सेवा सदन व विश्राम गृह का उपयोग होगा प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**खबर का असर**

हरिभूमि में प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति हरकत में आई है। 16 माह पूर्व लोकार्पित तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं तीर्थ यात्री विश्राम गृह का उपयोग आगामी नवरात्रि पर्व पर प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया है। इनके लिए आवश्यक संसाधन जुटाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

गुरुवार को हरिभूमि द्वारा 16 माह पूर्व लोकार्पण के बाद भी तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं तीर्थ यात्री विश्राम गृह का उपयोग प्रारंभ नहीं होने संबंधित समाचार का प्रमुखता से प्रकाशन करने के बाद सांसद रोड़मल नागर एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा इस मामले में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से नवरात्रि पर्व के दौरान इनका उपयोग प्रारंभ करने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही समाचार को संज्ञान में लेकर गुरुवार देर शाम मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम मिलिंद ढोके, सचिव एवं तहसीलदार प्रीति भिन्से, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुकेश भंवर द्वारा इनका निरीक्षण कर तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं तीर्थ यात्री विश्राम गृह का उपयोग प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। तहसीलदार एवं मंदिर प्रबंध समिति सचिव प्रीति भिंसे ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थ आने वाले भक्तों के लिए तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं तीर्थ यात्री विश्राम गृह का उपयोग प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए इनमें आवश्यक संसाधन जुटाए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि आम भक्तों व वीआईपी भक्तों की सुविधा के लिए इनका निर्माण किया गया था, लेकिन इनका 16 माह पूर्व लोकार्पण होने के बाद भी उपयोग प्रारम्भ नही किया गया था। आम भक्तों को विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ पर सुविधा मिल सके इसके लिए हरिभूमि द्वारा यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। इनका उपयोग प्रारम्भ हो जाने से जहां आम भक्तों को रात्रि विश्राम के लिए नाम मात्र के शुल्क पर ठहरने की सुविधा मिल सकेगी। वहीं वीआईपी भक्त विश्राम गृह का उपयोग कर सकेंगे, जिससे मंदिर परिसर में स्थित कक्षों का उपयोग प्रबंध समिति अन्य प्रायोजनों के लिए कर सकेगी।



लोकार्पण के 16 माह बाद नवरात्रि में भी नहीं होगा उपयोग

**मामला करोड़ों की लागत के तीर्थ यात्री सेवा सदन व तीर्थ यात्री विश्राम गृह का**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

वीआईपी आगमन पर बिगड़ती हैं व्यवस्थाएं

भक्त निवास व मंगल भवन का हो चुका है भूमिपूजन

समिति के पास करोड़ों रुपए, फिर भी संसाधन नहीं

नवरात्रि के पूर्व आम दर्शनार्थियों के उपयोग के लिए खोले जाए



# हथेली पर मेहंदी बनाकर महिला मतदाताओं ने शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया

### नलखेड़ा तहसील के विभिन्न ग्रामों में आयोजित की गई गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

लोकसभा निर्वाचन-2024 में जिले के हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर, मतदान के महापर्व में अपना सहभागिता निभाएं। इसके लिए पूरे जिले भर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। शुक्रवार को जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर महिला मतदाताओं ने अपनी हथेलियों पर मतदान की तारिख एवं मतदाता जागरूकता स्लोगन की मेहंदी बनाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया तथा नैतिक मतदान की शपथ ली गई। जिले की नलखेड़ा तहसील के ग्राम फैटी, धन्धेड़ा, दावतपुर , सेमली, बगावत, लसुल्ड़यिा गोपाल, धानियाखेड़ी आदि गांवों के मतदान केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई।

विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु घोषित कार्यक्रम अनुसार विधानसभा सुसनेर संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में तीसरे चरण में 07 मई को मतदान होंगे तथा विधानसभा आगर, संसदीय क्षेत्र देवास में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होंगे।





## महुआ बीनने जंगल में पालकों के साथ जा रहे बच्चे, स्कूल लाने के लिए शिक्षक कर रहे प्रयास

# प्रवेश उत्सवः स्कूल की दहलीज तक बच्चों को लाने के लिए शिक्षक छान रहे हैं जंगलों की खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

परीक्षा के बाद 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो गया है, लेकिन स्कूलों में बच्चे नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं को स्कूल की दहलीज तक लाने के लिए शिक्षकों को खासी मशक्कत करना पड़ रही है। खासकर आदीवासी एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्थित बच्चों को स्कूल लाने के लिए शिक्षकों को जंगल-जंगल भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है। दरअसल इस समय में महुए का सीजन चल रहा है। पालक अपने बच्चों को लेकर महुआ बीनने के लिए अल सुबह ही जंगल में चले जाते हैं। ओर दोपहर के बाद घर लौटते हैं। ऐसे में बच्चों को स्कूल आने की मनुहार लेकर शिक्षकों को जंगल में इधर उधर भटकना पड़ रहा है। शासन के आदेश पर शिक्षा विभाग ने नया शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू कर दिया , लेकिन स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बेहद ही कम दिखाई दे रही है।स्थिति यह है कि कई स्कूल में जहां बच्चों की उपस्थिति नगण्य है तो कईयों में तो दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है। उपस्थिति को लेकर सबसे बदत्तर हालात दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्थित स्कूलों की है। अधिकांश स्कूलों में उपस्थित शून्य देखने को मिल रही है।



दरअसल इस समय महुएं का सीजन है और पालक अपने बच्चों को लेकर महुआ एकत्रित कराने के लिए सुबह से ही जंगल में निकल जाते हैं । ऐसे में इन बच्चों को स्कूल लाने के लिए शिक्षकों को जंगल में इधर- उधर भटकना पड़ रहा है। शिक्षकों का कहना है कि परीक्षा के बाद अधिकांश बच्चे इधर उधर अपने रिस्तेदारों के यहां चले जाते हैं। वहीं दूसरी ओर चिलचिलाती गर्मी में पालक भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने से गुरेज करते हैं। जबकि दूरस्थ जंगल में बसे लोग खासकर आदीवासी गर्मी के समय महुआ, तेंदूपत्ता आदि वन उपज का संग्रह कराने का काम कराते हैं। ऐसे में स्कूल में बच्चों ठहराव व उपस्थिति कैसे बढ़ाएं समझ नहीं आ रहा है। शिक्षक कल्याण सिंह ने बताया कि बच्चों को स्कूल लाने के लिए उन्हें रोजाना जंगल में इधर- उधर भटकना पड़ता है। पालकों से मनुहार भी करते हैं लेकिन इसके बावजूद अधिकांश पालक बच्चों को स्कूल कम ही भेज रहे हैं।

## एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रकाशित हो सकेंगे

**नलखेड़ा।** मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिए विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल, आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला, राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के बाद ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किए जा सकेंगे।

### माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण 8 अप्रैल को

**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए जिले में नियुक्त माइक्रो आब्जर्वरों का प्रशिक्षण 8 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे से जिला पंचायत आगर के सभाकक्ष में आयोजित होगा। माइक्रो आब्जर्वर के रूप में नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल, टैंकर चालक मौके से फरार

**देवास।** जिले के मक्सी रोड़ पर गुरुवार को सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। जिसका उपचार जिला अस्पताल में किया गया। हादसा मक्सी रोड़ पर टैंकर चालक की वजह से होना बताया जा रहा है। टैंकर चालक ने आगे अपने वाहन के ब्रेक लगा दिए। जिसके कारण ट्राले में रखा वाहन ट्राले का केबिन तोडक़र आगे आ गया। जिसमें सह चालक सतपाल (35) बल्लम गढ़ हरियाणा की मौत हो गई। जबकि उसका साथी शौकीन (32) निवासी न्यू मेवात घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। हादसे में घायल शौकीन ने बताया कि एक दिन पहले वह अपने वाहन में पुणे से सामान लेकर जम्मू के लिए निकले थे। मक्सी रोड़ पर अचानक तेल से भरे टैंकर चालक ने ब्रेक लगा दिए। जिसके चलते दुर्घटना हो गई। हादसे के बाद मौके से टैंकर चालक भाग निकला। मामले में पुलिस जांच में जुटी है।

### जिले के दो ग्राम रोजगार सहायकों की संविदा सेवा समाप्त

**देवास।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना देवास ने शासकीय राशि में गबन, नैतिकपतन और गंभीर अनुशासनहीनता पर जनपद पंचायत बागली की ग्राम पंचायत बेड़ामऊ के ग्राम रोजगार सहायक भगवानसिंह सेंधव और ग्राम पंचायत आमलाताज के ग्राम रोजगार सहायक ललित शर्मा की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की है।

### बीएनपी के संयुक्त महाप्रबंधक को दी विदाई

**देवास।** एसपीएमसीएल के उच्च निर्देशानुसार निगम के सभी इकाइयों में नियम अनुसार ट्रांसफर किए गए हैं। जिसमें बैंक नोट प्रेस से भी 11 उच्च अधिकारियों के थोकबंद तबादले किए गए। जिसमें सभी अधिकारियों ने कार्यक्रम आयोजित कर रामाश्रय होटल पर सभी अधिकारियों का विदाई समारोह आयोजित कर स्वागत किया। इसी कड़ी में संयुक्त महाप्रबंधक नितिन कुमार दास जो कि सकारात्मक सोच एवं उच्च विचारों के धनी, संस्थान एवं देवास शहर का चौहमुखी विकास हो इसके लिए निरंतर प्रयासरत है।

उदयनगर पुलिस को मिली सफलता, हत्या का आरोपी 31 साल बाद गिरफ्तार

# आचार संहिता के दौरान फरार बदमाशों वारंटियों की तलाशी के दौरान चढ़ा हत्थे

31 साल से हत्या के मामले में फरार आरोपी कैलाश पिता जतन देवडा जाति कोरकु उम्र 52 साल निवासी चंदुपूरा थाना उदयनगर हाल मुकाम ग्राम जबलपुर थाना कांटाफोड को गिरफ्तार किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लोकसभा चुनाव की आचार सहिता के दौरान पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारीयों को फरार बदमाशो एवं वारंटीयों कि तलाश गिरफ्तारी के सबंध में निर्देश दिए गए है, इसी कड़ी मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कन्नौद आकाश भूरिया एवं एसडीओपी सृष्टि भार्गव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी उदयनगर अपने बल के साथ 31 साल से हत्या के मामले में फरार आरोपी कैलाश पिता जतन देवडा जाति कोरकु उम्र 52 साल निवासी चंदुपूरा थाना उदयनगर हाल मुकाम ग्राम जबलपुर थाना कांटाफोड को गिरफ्तार किया गया। करीब 31 साल पुर्व उस समय आरोपी कैलाश कि उम्र 21 साल थी, सन-1993 की होली के तीसरे दिन घटना स्थल ग्राम चन्दुपूरा मे अपने साथी ओमप्रकाश खंडेलवाल एवं एक अन्य नाबालिक साथी के साथ मिलकर गांव के उमेश उपाध्याय को लडकी के विवाद को लेकर गला घोट कर हत्या कर दी थी और उसकी लाश गांव के ही मांगीलाल मीणा के कुंए में फेंक दी थी। उसके अन्य साथी पकडे गए थे, लेकिन यह प्रकरण का मुख्य आरोपी होने के बाद भी घटना दिनांक से फरार था और काफी वर्षों से बाहर गुजरात में कार्य कर रहा था। अभी कुछ वर्षो से यह ग्राम जबलपुर थाना कांटाफोड मे छुप कर रह रहा था, जिसकी जानकारी उदयनगर थाना प्रभारी बी.डी. बीरा को प्राप्त होने पर व क्षेत्र मे वापस आने पर उसे पकडा गया। उस समय उमेश उपाध्याय व महेश उपाध्याय दोनो जुडवा भाई क्षेत्र के प्रसिध्द गायक थे तथा दोनो भाईयों को लेकर रामायण के लव-कुश का रोल अदा करने की बात चल रही थी, परन्तु एक भाई उमेश उपाध्याय कि हत्या होने के कारण यह संभव नही हो सका। इसके अतिरिक्त इस आरोपी के विरुध्द उसी समय का



मारपीट के प्रकरण मे एक स्थाई वारंट जारी हुआ था। आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय बागली पेश किया गया है एवं पिछले 10 वर्षों से फरार आरोपी राधेश्याम पिता नानुराम भील निवासी कदम तलाई पठार व दिनेश पिता कैलाश बेलदार निवासी पितावली जो कि चौरी के मामले में पिछले 10 वर्षों से फरार थे उन्हे भी गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त आरोपी को पकडने मे थाना प्रभारी बीडी बीरा के साथ राकेश सिंह, इंद्रजीत दांगी, सैनिक धनसिंह देवडा, सैनिक सागर सिंह रंधावा का योगदान रहा है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन का स्नेह सम्मेलन संपन्न

पेंशनरों की मांगों के संबंध में डाला प्रकाश



**देवास।** स्वस्तिक परिसर में हुआ विद्युत मंडल पेंशनर्स का स्नेह सम्मेलन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन देवास का द्वितीय स्नेह सम्मेलन स्वस्तिक परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर.सी.सोमानी अध्यक्ष म.प्र.वि.मं. पेंशनर्स एसोसिएशन इंदौर थे। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य अभियंताद्वय पी.जी खड़कोदकर एवं सी.के.दीक्षित एवं अतिथि सुदर्शन जटाले, पी.एल.मकवाने, लक्ष्मणसिंह चौहान, के.के.तिवारी, टी.सी.पटेल धार, अर्जुनसिंह सिसोदिया धार, सीताराम यादव बड़वानी, नवीन जोशी बड़वानी थे।

अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। अतिथियों का स्वागत देवास अध्यक्ष हुकुमसिंह सायल, सचिव सी.एस.पंवार, संगठन सचिव सुबोध गंगराड़े, एम.सी.मलतारे, वसंत देशपांडे, एस.के.हिंगे, मधुकर भंवर, मुकुट वर्मा, मोहन मोदी, इब्राहिम, रमेश जोशी, कैलाश बोहरे कन्नौद, इंदरसिंह सिसोदिया बागली, गणपति शर्मा कांटाफोड़, निर्भयसिंह नागर बरोठा, महेन्द्र कानूनगो सोनकच्छ ने पुष्पमाला एवं पीला दुपट्टा पहनाकर किया। अतिथियों का परिचय हुकुमसिंह सायल ने दिया। विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष सोमानी द्वारा अपने उद्बोधन में पेंशनरों की मांगों के संबंध में प्रकाश डाला गया। अतिथियों द्वारा भी उपस्थित पेंशनरों को सम्बोधित किया गया।

कार्यक्रम में देवेन्द्र पंड़ित, अनिल नाईक द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। रमेश यादव ने अपनी पत्नी सरोजनी यादव की स्मृति अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में देवास से रवि व्यास, आर.पी. कुंडल, सुरेश मोदी, एस.एन.जोशी, एस.आर.माकोड़े, मनोहर वर्मा, महेश मोदी, संजय वैष्णव, एस.आर. पटेल, बाबूलाल पटेल, व्हाय.एस.ठाकुर, एस.के.सेनी, कालूसिंह चौधरी, बी.एल.कुमावत, अशोक शुक्ला, मिश्रीलाल वर्मा, जमनालाल माली भौंरासा, मदनलाल राठौर, राजाराम नागर बरोठा, सोनकच्छ से बलवंत मालवीय, चंदरसिंह कुशवाह, रघुनाथसिंह ठाकुर, दिनेश शर्मा बागली, राधेश्याम शर्मा कन्नौद, भारमल यादव कन्नौद सहित सैकड़ों की संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। संचालन सुबोध गगराड़े ने किया तथा आभार सी.एस.पंवार ने माना।

# आबकारी विभाग ने सोनकच्छ में की कार्रवाई, अवैध शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर देवास जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार तथा ज़िला आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

आबकारी विभाग द्वारा सोनकच्छ वृत के जामगोद और पिलवानी क्षेत्र के होटल ढाबों की विधिवत तलाशी ली गई। जिसमें 70 पाव प्लेन देशी मदिरा, 6 बोटल बीयर, 17 पाव विदेशी मदिरा, 20 बीयर केन ज़ब्त कर कुल 02 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जप्त सामग्री बाजार मूल्य लगभग 11 हजार 800 रूपए है। जिले में आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### श्री खाटू श्याम फाग महोत्सव आज

**देवास।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति देवास द्वारा श्री श्याम वाटिका कालानी बाग पर आज श्री खाटू श्याम फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अमित पंडित ने बताया कि फाग महोत्सव में श्याम बाबा की ज्योत जलाकर छप्पन भोग लगाया जाएगा तथा महाआरती की जाएगी। भजन संध्या में जयपुर के भजन गायक चैतन्य दाधीच द्वारा बाबा के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्री खाटू श्याम सेवा समिति ने सभी श्याम भक्तों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर फाग महोत्सव का आनंद लें।

# शत-प्रतिशत मतदान करने की दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अभियान हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप अभियान के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अभियान के तहत सभी मतदाताओं से भी आग्रह किया गया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करें।

### जिले में एमसीएमसी कक्ष से की जा रही है न्यूज चैनलों की 24X7 घंटे मॉनिटरिंग

**देवास।** लोकसभा निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत न्यूज चैनलों पर निर्वाचन संबंधी समाचारों, आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन से संबंधित समाचारों व पेड न्यूज पर सघन निगरानी के लिए एमसीएमसी कमेटी का गठन किया गया है। आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही एमसीएमसी कमेटी ने कार्य शुरू कर दिया है। चामुण्डा कॉम्पलेक्स में तीसरी मंजिल पर एमसीएमसी कक्ष बनाया गया है। एमसीएमसी कक्ष में टेलीविजन लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से न्यूज चैनलों को 24X7 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। न्यूज चैनलों के मॉनिटरिंग के लिए तीन शिफ्टों में अधिकारी/कर्मचारी लगाए गए हैं।

# पांच दिवसीय भगवान झूलेलाल महोत्सव आज से शुरू


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास। पूज्य सिंध हिन्दू पंचायत के अध्यक्ष अनिल पंजवानी एवं सचिव अशोक पेशवानी ने बताया कि पूज्य सिंध हिन्दू पंचायत द्वारा पांच दिवसीय भगवान झूलेलाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 6 अप्रैल को प्रातः 11 बजे समाज के ब्राह्मणों द्वारा ध्वज पूजन एवं भगवान श्री झूलेलाल की महाआरती होगी। दोपहर को 12.30 से 2.30 बजे तक स्व. चंद्रपाल पंजवानी परिवार द्वारा दरिद्र नारायणों का भंडारा आयोजित होगा। 7 अप्रैल को प्रातः 9 बजे मोहन धाम मंदिर से वाहन रैली निकाली जाएगी जो कि सिंधु भवन ट्रस्ट उज्जैन रोड पर संपन्न होगी।

शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक सिंधी समाज मिलन समारोह एवं फूड फेस्टिवल का आयोजन होगा। रात्रि 9 बजे से रंगारंग कार्यक्रम होगा जिसमें सिंधी म्यूजिकल पार्टी ग्वालियर द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। 8 अप्रैल को रात्रि 8.30 बजे से सिंधी महिला मंडल द्वारा ब्रह्माण्ड की सैर का आयोजन होगा। 9 अप्रैल को सिंधी युवा समिति एवं समाज के कलाकारों द्वारा द स्टोरी ऑफ संत कंवरराम डांस प्रतियोगिता का आयोजन रात्रि 8.30 बजे से होगा तथा पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। 10 अप्रैल को सायं 5 बजे श्री बहराणा सा. का पूजन होगा। शाम 6 बजे महंत स्वामी श्री गुरूचरण जी महाराज द्वारा भगवान झूलेलाल की भव्य शोभा यात्रा का प्रारंभ किया जाएगा। रात्रि 9 से 11 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समाज अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी समाज जन एवं अन्य समाज के लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर भंडारे की प्रसादी ग्रहण करें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय तलरेजा ने दी।

# नवीन प्रवेश के लिए घर-घर पहुंचकर कर रहे संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



शिक्षा सत्र 2024 -25 प्रारंभ हो चुका है, जिसके अंतर्गत शासकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसी के चलते नवीन बच्चों का स्कूल में प्रवेश कराया गया। बागली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल इस्माईल खेड़ी में प्राचार्य नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों का एडमिशन हो एवं शासन की योजना का लाभ बच्चों को मिले। इस उद्देश्य को लेकर स्कूल स्टाफ के साथ ग्राम इस्माईल खेडी व स्कूल के अंतर्गत आने वाले गांवों के बच्चों के एडमिशन के लिए घर-घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों से संपर्क किया जा रहा है। नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लगातार स्कूल के स्टाफ के साथ स्कूल के अंतर्गत घर-घर जाकर बच्चों के पलकों से संपर्क कर स्कूल में एडमिशन कराने का आग्रह किया जा रहा है। कक्षा नर्सरी से दसवीं तक नवीन प्रवेश हेतु संपर्क किया जा रहा है। शासकीय हाई स्कूल इस्माईल खेड़ी में नर्सरी कक्षा अंग्रेजी माध्यम से प्रारंभ की जा रही है। इस दौरान 3 वर्ष 4 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों का प्रवेश किया जा रहा है। इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा विधिवत आवेदन जारी किए गए हैं। इस दौरान शुक्रवार को शिक्षक राकेश शर्मा, विजेंद्र सिंह सेंधव ने सामगी एवं केलोद में प्राचार्य नरेंद्र प्रताप सिंह, नंदकिशोर पाटीदार, हेमंत कारपेंटर द्वारा घर-घर पहुंचकर पलकों से संपर्क किया।

आई शिवजी की बरतिया हिमाचल नगरी... जैसे भक्तिमय गीतों पर झूमे श्रद्धालु

# अहंकार करने पर हो जाता है मनुष्य का पतनः पुष्पानंदन महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अहंकार से का पतन हो जाता है। भगवान शिव के ससुर दक्ष महाराज देव समाज के अध्यक्ष बने और उनके अंदर अहंकार आ गया। उन्होंने देव आदि देव महादेव का अपमान कर दिया। इस अपमान के फल स्वरूप उनको अपने अस्तित्व को समाप्त करना पड़ा। अहंकार के कारण उनका अस्तित्व समाप्त हो गया।यह विचार मल्हार तोड़ी गंगा पार्क कॉलोनी के पास सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से पुष्पानंदन महाराज कांटाफोड़ वाले ने व्यक्त किए।

महाराजश्री ने कहा, कि शिव महापुराण हमें शिक्षा देती है, कि हमारे पद का, हमारी प्रतिष्ठा का जब-जब हमें अहंकार होता है तो वह अहंकार रूपी पद, प्रतिष्ठा ही हमारे पतन का कारण बनते हैं। भगवान शिव के गणों ने दक्ष प्रजापति का शीश काटकर प्रधान कुंड की आहुति बनाया और दक्ष का अस्तित्व समाप्त हुआ। भगवान शंकर की देवताओं ने प्रार्थना की और उन्होंने यज्ञ को संपन्न कराया। महाराजश्री ने कहा, कि हमारे सनातन धर्म में यह नियम है, कि आप चाहे किसी भी देवता की आराधना करें, लेकिन देव आदि देव शिव की आराधना के बिना किसी भी जीव को पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता, इसलिए हमें भगवान शिव में और भगवान नारायण में कभी भी भेद नहीं करना चाहिए।

भगवान शिव की आराधना से नारायण और भगवान नारायण की आराधना से शिव प्रसन्न होते हैं। इस दौरान महाराजश्री ने आई शिवजी की बरतिया हिमाचल नगरी... जैसे एक से बढक़र एक सुमधुर भक्तिमय गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने लगे। कथा में धूमधाम से शिव-पार्वती विवाह हुआ। मुख्य अतिथियों, आयोजक मंडल के किशनलाल, लक्ष्मी नारायण, बाबूलाल, गोपाल प्रजापति कांकरवाल द्वारा व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगा। सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया।

# आयुक्त ने किया स्पोर्ट्स पार्क का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर मे औद्योगिक क्षेत्र मे स्थित श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्पोर्टस पार्क सिटीजनों व आम नागरिकों के सुबह व शाम को घूमने आने व खिलाड़ियों के द्वारा विभिन्न खेलों हेतु अभ्यास किये जाने हेतु उपयोग किया जाता है तथा नागरिकगण अपने परिवार के साथ स्वास्थ्य लाभ एवं बच्चों के मनोरंजन हेतु पार्क मे घूमने आते है। स्पोर्ट पार्क का आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा औचक निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों को गर्मी के मौसम मे पार्क की घास तथा यहाँ पर स्थित वृक्षो, पेड पौधो मे भी नियमित पानी देने व पार्क मे निरंतर साफ सफाई करवाये जाने के निर्देश दिये गये। आयुक्त ने पार्क का पैदल भ्रमण किया तथा रात्री मे प्रकाश व्यवस्था व अन्य आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश भी दिये। आयुक्त ने शहर मे स्थित ग्रीन कारियो मे भी प्रतिदिन पेड़ पौधों में पानी दिये जाने के भी निर्देश संबंधितो को दिये।

खबर संक्षेप

## अभय, वेदांश, रोशन का हुआ नवोदय में चयन





**कोठरी।** क्षेत्र के शांतिनिकेतन हाई स्कूल निपानिया कला से तीन बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा छटी में श्यामपुर के लिए हुआ है। जिसमें अभय परमार को पूरे सीहोर जिले में फर्स्ट रैंक प्राप्त हुई है। स्कूल के तीन बच्चे अभय परमार, वेदांश परमार और रोशन वर्मा को सभी ने उज्वल भविष्य की कामना की और बधाई प्रेषित की गई।

## फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



**जावर।** पुलिस अधिक्षक के निर्देशन में 4 अप्रैल 2024 को थाना जावर के 2015 से लगभग 9 साल से फरार स्थाई वारंटी संतोष मालवीय पिता उमराव सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी टिगरिया थाना जावर को उप नि राजू मकोड़, प्रआर अर्जुन वर्मा,आर ज्ञानसिंह, सै कैलाश, द्वारा मुखबिरी लगाकर गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### कृषि उपज मंडी का बिगड़ा ढांचा सुधारना एसडीएम के लिए बड़ी चुनौती

# एसडीएम के निरीक्षण में 27 कर्मचारी, 9 गार्ड मिले नदारद, एक दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश

उपज मंडी में सालों से जमे कर्मचारीयो के चलते नहीं सुधर रहा मंडी का ढर्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सीहोर जिले की सबसे बड़ी आष्टा कृषि उपज मंडी का कार्यालय विगत कई महीनो से एक नहीं अनेकों मामलों में चर्चा का विषय बना हुआ है इस कार्यालय से एक नहीं कई तरह की शिकायत मिल रहीं है लेकिन कार्यवाही के अभाव में यह की अवस्थाओं का शिकार किसान होता है और हालत इस मंडी कार्यालय में वर्षो से जमे अधिकारी अपनी मनमानी और संदिग्ध कार्यप्रणाली से आष्टा मंडी की छवि धूमिल कर मलाई खाने में व्यस्त है! ऐसे में अब इस मंडी के बिगड़े ढांचे पर नवागत एसडीएम स्वाति उपाध्याय की नजर पड़ गई है और और मंडी के इस बिगड़े ढांचे को सुधारने का दावा करते हुए लगातार दो दिनों से मंडी पहुंच कर व्यवस्था में सुधार कर प्रयास कर रही है।

### 49 में से 27 कर्मचारी मिले नदारद नोटिस जारी कर काटा वेतन

नवागत एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी श्रीमती स्वाति उपाध्याय ने जहा बुधवार को नीलामी बंद होने पर व्यापारियों से चर्चा की तो वहीं लगातार दूसरे दिन अचानक एसडीएम आष्टा कृषि उपज मंडी कार्यालय पहुंच गई तथा कार्यालय में सचिव कक्ष में बैठकर उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान मंडी कार्यालय की बड़ी पोल उजागर हुईं। यह के उपस्थिति रजिस्टर में आष्टा कृषि उपज मंडी कार्यालय के लगभग 27 कर्मचारियों के हस्ताक्षर नहीं पाए गए, जिससे एसडीएम को यह समझने में जरा भी देर नहीं लगी की यह 27 कर्मचारी अनुपस्थित है। ऐसे में तत्काल एसडीएम ने मंडी सचिव श्रीमती प्रवीण चौधरी को निर्देश दिए कि इन सभी को नोटिस जारी किया जाए तथा इनका एक दिन का वेतन भी काटा जाए।



एसडीएम ने मीडिया से चर्चा करते हुऐ यह भी बताया की 9 गार्ड भी मौजूद नहीं पाए गए जिनकी जानकारी स्वयं मंडी सचिव प्रवीन चौधरी तक को नहीं है।

### उपज मंडी में वर्षों से जमा कर्मचारी बेलगाम, कैसे सुधरेगा बिगड़ा ढांचा

मंडी कार्यालय पर जमे कर्मचारियों पर नज़र दौड़ाई जाए तो इस कार्यालय में ऐसे कई कर्मचारी है जिनको यह जमे हुऐ वर्षो हों गए है जिसके चलते भी मंडी का यह बिगड़ा ढांचा नही सुधर रहा है वहीं मंडी कार्यालय के रिकॉर्ड पर नजर डाले तो यह कूल 49 कर्मचारियों सहित 40 गार्ड कार्यरत है लेकिन सूत्रो से जानकारी है यह सिर्फ कागजों तक ही सीमित है बाकी यह गार्ड कहा है इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है लिहाजा इसके पीछे एक अलग ही खेल चल रहा है जिस पर शायद नवागत एसडीएम की नजर पड़ गई है और औचक निरीक्षण में 49 कर्मचारियों में से बड़ी संख्या में 27 कर्मचारी और 40 गार्डों में से 9 गार्ड के कोई अते पते नजर नहीं आए! और इसमें एक बडा कारण यह भी है की जिम्मेदार का इन कर्मियों पर कोई नियंत्रण नही होने है जिसके चलते इस सरकारी कार्यालय को धर्मशाला समझ कर मदमस्त रहते है इनकी मर्जी होती है तब आते है,मर्जी होती है तब चले जाते है,जिसकी जो जिम्मेदारी है,जो विभाग सौपा है वो उस कक्ष में मिल जाये ये बड़े किस्मत की बात होती है। कई बार मंडी में कोई पीड़ति आता है या उसे कोई जानकारी लेना हो तो उसे इधर से उधर भटकाया जाता है। मंडी में ऐसी कोई व्यवस्था,कक्ष,नही है जहाँ पीड़ति जा कर अपनी समस्या बता सके उसे वहां से हल मिल सके। लिहाजा जिस नामी मंडी में भर सीजन में जिस समय पैर रखने की जगह नही हो उस सीजन में पूरी व्यवस्थाए देखने वाले कार्यालय से 27 कर्मचारी नदारत हो इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है की उस मंडी की सचिव कितने जिम्मेदार होगी.? क्या इस ओर मंडी बोर्ड के जिम्मेदार समय से मामले को संज्ञान में लेंगे या फिर ऐसे ही जिम्मेदारों के कारण किसान परेशान होता रहेगा?

# शिवखेड़ी में 9 अप्रैल से श्री शतचंडी महायज्ञ और श्रीमद भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



समीपस्थ ग्राम शिवखेड़ी में सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा 9 अप्रैल से समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित की गई है।श्रीमद भागवत कथा श्रवण कराने हेतु पंडित रामकृष्ण उपाध्याय रामजी मखावद वाले पधार रहे हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम शिवखेड़ी में 9 अप्रैल मंगलवार को हेमाद्रि , गणेश पूजन एवं कलशयात्रा के पश्चात मंडप प्रवेश होगा। बुधवार 10 अप्रैल को अग्नि स्थापना एवं हवन तथा पूर्णाहुति,महाप्रसादी तथा भंडारा 15 अप्रैल को होगा। पंडित रामकृष्ण उपाध्याय प्रति दिन दोपहर 12 से 3 बजे तक श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराएंगे। उक्त आयोजन में यज्ञाचार्य पंडित महेंद्र नागर कुंवर कोठरी, पंडित वीरेंद्र नागर कुंवर कोठरी, पंडित कन्हैयालाल व्यास नौगांव बापचा, पंडित मोहित शर्मा व ग्राम पुरोहित पंडित धीरेन्द्र शुक्ल सहयोगी रहेंगे। ग्राम शिवखेड़ी के आयोजकों ने सभी से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## खाचरोद में सात दिवसीय भागवत कथा का हो रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम खाचरोद में राजपूत कछावा परिवार द्वारा सात दिवसीय पितृ मोक्ष श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तृतीय दिवस कथावाचक पंडित रितेश कृष्ण शर्मा ने कहा कि जीवन में चाहे सुख हो या दुख हो हमें सभी परिस्थितियों का सामना करना चाहिए ना दुख से अधिक दुखी होना चाहिए ना खुशी के समय में अधिक खुश होना चाहिए, यह जीवन के दो पहलू हैं। आज की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास समय का अभाव है। लोग भक्ति भाव से दूर होते जा रहे हैं। यही कारण है कि अधिकांश घरों में आशांति फैली हुई है। सुख शांति के लिए हमें भगवान के शरण में आना चाहिए। भजन कीर्तन करने के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए। इससे हमारा मन शांत रहेगा तथा धार्मिक कार्य में मन लगेगा। अच्छे कर्म ही मुक्ति की ओर ले जाते हैं। निष्पक्ष भाव से हमारे द्वारा की गई भगवान की भक्ति हमें बहुत सागर से पार कर सकती है। वहीं उन्होंने शिव पार्वती विवाह के बारे में विस्तार से बताया व धुर्व चरित्र के बारे में कहा कि धूर्व को बारह अक्षर के नाम ॐ नमो भगवते वासुदेवाय के द्वारा ईश्वर की प्राप्ति हुई। इस मौके पर कथा में बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

## उपार्जन केंद्रों पर मानक खरीदी के लिए दल गठित

**सीहोर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर भारत सरकार द्वारा जारी एक समान विनिर्दिष्टिया अनुसार गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा हरा है। जिसकी गुणवत्ता का परीक्षण प्रथम स्तर पर उपार्जन एजेंसी द्वारा नियोजित सर्वेयर द्वारा किया जाता है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन मे गुणवत्ता संबंधी समस्या निर्मित न हो एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार गेहूं उपार्जन किया जा सके, इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में निर्धारित उपार्जन केन्द्रों पर FAQ मानक की खरीदी कराए जाने के लिए प्रत्येक केन्द्रवार 03 सदस्यीय दल गठित किया गया है जो प्रत्येक केन्द्र पर गठित तीन संदस्यीय दल गेहूं उपार्जन मे गुणवत्ता FAQ मानक की खरीदी निर्धारित स्पेसिफिकेशन की भौतिक, मानव संसाधन, तौल-कांटा अन्य सुविधाओं प्रत्येक केन्द्र पर संचालन की व्यवस्था सुचारू बनाये रखेगें।

## ईदगाह कमेटी की बैठक आयोजित



**आष्टा।** ईद उल फितर की नमाज ईदगाह और अन्य मस्जिदो में समय की पाबंदी के साथ अदा की जाए। जिसको लेकर पूर्व शहर काजी सरपरस्त फजले बारी आरिफ की सदारत में ईदगाह कमेटी द्वारा आयोजित मीटिंग फजले बारी आरिफ के निवास पर शहरकाजी चांद हाफिज की उपस्थिति मे संपन्न हुई। जिसमें यह तय किया गया कि ईदगाह मे नमाज 7.30 पर जामा मस्जिद किला मस्जिद जुम्मापुरा मरकस मस्जिद शाहजहानी 7.45 पर मस्जिद काजीपुरा मस्जिद नूरानी नया बस स्टैंड मस्जिद बिलाल लंगापुरा में 8 बजे अदा की जाएगी। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाफिज बब्बन ने बताया कि ईदगाह सहित अन्य मस्जिदो में समय की पाबंदी के साथ नमाज अदा की जाएगी। इस मीटिंग मे मुख्य रूप से पूर्व शहर काजी फजले बारी आरिफ शहरकाजी चांद मियां ,मुफ्ती लईक, मुफ्ती हमीद, मुफ्ती नवेद, मुफ्ती एजाज , मुफ्ती फहीम, मुफ्ती उमर एवं ईदगाह कमेटी के सभी सदस्य शामिल रहे।

# देश को लूटने वाले आज कई लोग जेल के अंदर हैं: शिवराज सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अदभुत भारत का निर्माण हो रहा है। आज मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल में विदेशों में मान सम्मान और इज्जत विदेशो में भारत को मिली है। आज देश को लूटने वाले कुछ लोग जेल में है और कुछ लोग जमानत पर बाहर है। उक्त उदगार मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी शिवराजसिंह चौहान ने देवास लोकसभा क्षेत्र में आने वाली आष्टा विधानसभा के सभी 335 बूथों के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्थानीय मानस भवन में आयोजित उक्त सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहे।

शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि मोदी जी का साफ़ कहना है जिसने इस देश को लूटा है, इस देश की जनता का पैसा लूटा है, उसे एक-एक पैसा वापस करना होगा। जनता का धन है उसकी खून पसीने की कमाई है जो खाएगा वह जेल जाएगा यह नया भारत का नया युग है। शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि 500 साल से हिंदुस्तान का प्रत्येक राम भक्त भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा रामलाल के मंदिर के निर्माण का इंतजार कर रहा था । 500 साल का देखा सपना पूरा हुआ है और अयोध्या में भव्य दिव्य राम मंदिर बनाकर निर्माण हुआ है आज पूरा देश खुश है। आज भारत में मोदी जी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा है । कई मंदिरों का निर्माण हुआ है। आज बेटे बेटियों में कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। हर बहन शक्ति का रूप है। हर बेटी में साक्षात देवी का रूप नजर आता है।

कार्यकर्ता सम्मेलन के पूर्व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आष्टा आगमन पर कॉलोनी चौराहे से मानस भवन तक रोड शो हुआ जिसमें रोड के दोनों और बड़ी संख्या में उपस्थित लाडली बहनाओं ने अपने लाडले भैया शिवराज सिंह चौहान पर गुलाब की पंखुड़ियां वर्षा कर उन पर स्नेह की बरसात की। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने भी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के प्रयासों से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के अनेकों ग्रामों से लगभग 200 से अधिक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। सभी नये आये कार्यकर्ताओं का पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा का अंग वस्त्र पहनकर उनका स्वागत और सम्मान किया।

# पीपल के पेड़ की पूजा के साथ सुहागन महिलाओं ने किया दशा माता का व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

हिंदू संस्कृति में व्रतों का बहुत महत्व बताया गया है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार जो दशा माता की पूजा करता है, उनके निमित्त व्रत करता है, उसके जीवन में आ रही परेशानी दूर हो जाती है, दशा सुधर जाती है. इस व्रत को करने से घर की दरिद्रता भी दूर हो जाती है। दशा माता के व्रत में कच्चे सूत के साथ पीपल के पेड़ की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन सुहागन महिलांए अपने घर की दशा सुधारने के लिए यह व्रत करती है।

जिससे घर पर आई विपदा व सारी समस्याएं दूर हो जाती है। घर में सुख एवं समृद्धि आती है। बताया जाता है कि इस व्रत में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। यह व्रत चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को किया जाता है। सुहागिन महिलाएं यह व्रत अपने घर की दशा सुधारने के लिए करती हैं। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार इस दिन महिलाएं व्रत-पूजन करके गले में एक खास डोरा पहनती है, ताकि घर-परिवार में सुख-समृद्धि, शांति, सौभाग्य और अपार धन संपत्ति बनी रहे।पीपल पूजा का क्रम तड़के ही शुरू हो जाएगा। सूत लपेटने के साथ ही छाल को धन के रूप में सहेजा जाता है।

### महिलाओं ने व्रत रखकर पीपल के पेड़ से धागा बांधकर की दशा माता की पूजा-अर्चना

# महिलाओं ने की दशा माता से घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरुवार को महिलाओं ने दशा माता की पूजा अर्चना की और घर में सुख समृद्धि की कामना की। शहर के प्रमुख मंदिरों में स्थित पीपल के पेड़ से धागा बांधकर पूजा की। गुरुवार को देशभर में दशा माता पर्व मनाया गया। इस दिन महिलाएं दशा माता की व्रत रखकर पीपल के पेड़ से धागा बांधकर पूजा अर्चना करती हैं और परिवार में सुख समृद्धि रहे ऐसी कामना करती है। दरअसल शहर के ज्योतिषाचार्य पंडित अमित तिवारी ने बताया है कि मान्यता है कि ऐसा करने से सभी परेशानियों से मुक्ति मिलती है और घर के सदस्यों की उन्नति होती है। लेकिन अगर आप साल भर तक इसको धारण नहीं कर सकते तो वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष में कोई भी अच्छा दिन देखकर माता के चरणों में अर्पित कर सकते हैं। आज सुबह 5 से महिलाएं व्रत रखकर गायत्री मंदिर, शनि मंदिर, शंकर मंदिर ,बंजारी माता मंदिर, राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पहुंची और पीपल के पेड़ से धागा बांधकर विधि विधान से पूजा अर्चना की पूजा का क्रम दिन में दोपहर तक भी जारी रहा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मानस भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी, जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के समक्ष क्षेत्रिय विधायक गोपालसिंह इंजिनियर के नेतृत्व में विजेन्द्रसिंह ठाकुर अरनिया जौहरी सहित सैकडो की संख्या में कांग्रेसजनो ने भाजपा पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर पधारे समस्त अतिथियों ने समस्त कार्यकर्ताओ का जोरदार स्वागत किया। शामिल हुए सदस्यों में प्रमुख रूप से विजेन्द्रसिंह अरनिया जौहरी, कुलदीपसिंह ठाकुर मुगली, सुरेन्दसिंह पटेल मांडली पूर्व सरपंच, इन्दरसिंह, महेन्द्रसिंह, उदयसिंह, अरूणसिंह, सूरजसिंह, चन्दरसिंह, चम्पालाल सोलंकी, देवेन्द्रसिंह भाटी, महेन्द्रसिंह भाटी, अजेन्द्रसिंह ठाकुर, विरेन्द्रसिंह ठाकुर,, अरविंदसिंह ठाकुर ग्राम पाडलिया, धमेन्द्रसिंह ठाकुर, लोकेन्द्रसिंह, धीरजसिंह, राजपाल पटेल, अर्जुनंसिह, दुर्गेशसिंह ठाकुर ग्राम लसुडलियापार सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## राशि अटकने से अब तक सिर्फ 92 लाख का ही हो पाया कार्य

# ठेकेदार अधूरा छोड़ गया सिंधिया घराने की कुलदेवी मंदिर का कार्य

### होड़ावाली माता मंदिर का मामला, धर्मस्व विभाग से स्वीकृत हुई थी 6 करोड़ की राशि





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

राजस्थान सीमा के नजदीक स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध देवीय शक्तिपीठ होड़ावाली माता मंदिर पर विभिन्न विकास कार्यों हेतु शासन ने 6 करोड़ 28 लाख रुपए किए थे। हाऊसिंग बोर्ड को उक्त कार्य पूर्ण करवाने का जिम्मा शासन ने सौंपते हुए नोडल एजेंसी नियुक्त किया था। लेकिन हाऊसिंग बोर्ड ने टेंडर के जरिए जिस एजेंसी को यह कार्य सौंपा था, वह एजेंसी आधा-अधूरा काम छोड़कर चली गई है।

मौके पर मजह 92 लाख के लगभग का कार्य ही अब तक हो पाया है। कई महीनों से काम बंद ही पड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि धर्मस्व विभाग द्वारा राशि अटकाए जाने क कारण ठेकेदार आगे का काम नहीं कर पाया। आपको बतादें कि होड़ावाली माता का मंदिर तंवर समाज सहित क्षेत्र के अन्य सभी समाजों, श्रृद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। दोनों नवरात्रों में यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रृद्धालुजन माता के दर्षन करने आया करते हैं। सिंधिया घराने की कुलदेवी की प्रतिकृति भी इस मंदिर को कहा जाता है।

#### पहाड़ी तक न सड़क न ही पानी की व्यवस्था

धर्मस्व विभाग ने होड़ामाता मंदिर के लिए जो राशि स्वीकृत की थी उससे पहाड़ी के नीचे से मंदिर तक सड़क, मंदिर के पास ही पैवर्स लगवाने का कार्य सहित अन्य सौंदर्यीकरण एवं श्रृद्धालुओं की सुविधा से जुड़े निर्माण कार्य शामिल थे। लेकिन, प्रमुख रूप से जो सड़क निर्माण होना था, वह तो अभी तक हो ही नहीं पाया है। इसके साथ ही मंदिर में पेयजल के लिए भी समुचित व्यवस्था नहीं है। माता के दर्षन करने आने वालों को पीने के पानी के लिए भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही इस मंदिर में श्रृद्धालुओं द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति उपरान्त या स्वेच्छा से मानता आदि के कार्यक्रम भी करवाए जाते हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण लोगों को खासी परेषानियां उठानी पड़ती हैं।

#### इनका कहना है...

धर्मस्व विभाग से अब तक 92 लाख की राशि ही प्राप्त हो पाई है। ऐसे में उतने का काम ठेकेदार ने करवा दिया। राशि आने के बाद आगामी कार्य हो पाएंगे।

**- एएन भुज,** इंजीनियर, पुलिस हाऊसिंग बोर्ड

#### दिग्विजय सिंह ने किया था भूमिपूजन

*धर्मस्व विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए इस निर्माण कार्य का भूमिपूजन प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह स्वयं करके गए थे। लेकिन, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण मंदिर के विभिन्न निर्माण कार्य आधू-अधूरे ही पड़े हुए हैं।*

#### कई बार आ चुकी हैं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री

*सिंधिया राजघराने की कुलदेवी की प्रतिकृति मंदिर होने से राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया सहित सिंधिया घराने के लगभग सभी परिजवार जन अक्सर यहां दर्षन करने आया करते हैं। करीब 2 वर्ष पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती सिंधिया हेलीकॉप्टर से माता के पूजन-अर्चन करने हेतु यहां आई थीं।*

## झूठा मामला दर्ज कर 90 हजार रुपए रिश्वत की शिकायत के बाद चौकी प्रभारी सहित स्टाफ सस्पेंड

### बुजुर्ग को पकड़कर 5 बोतल शराब का झूठा केस बनाया, रिश्वत में लिए हुए 90 हजार भी पुलिस ने किए वापस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर**



अपराधियों के लिए पुलिस प्रशासन होता है, किंतु कुछ अधिकारी ऐसे होते हैं जो बिना अपराध के भी अपराधी बना देते हैं और बाद में उनसे मोटी रकम रिश्वत के रूप में लेते हैं। ऐसा ही एक मामला सारंगपुर पुलिस थाना अंतर्गत पड़ाना चौकी से सामने आया है। जानकारी अनुसार एक बुजुर्ग व्यक्ति को पकड़कर 5 बोतल शराब का झूठा केस बनाया और 90 हजार की रिश्वत ली गई। मामला उजागर होने पर पूरे स्टाफ को राजगढ़ के नवागत पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने निलंबित कर दिया है। चौकी प्रभारी पर समीप गांव के एक बुजुर्ग को गांजा पीते हुए पकड़ लिया और उस पर 5 लीटर शराब का झूठा केस बनाकर डरा धमकाकर 90 हजार रुपए रिश्वत ली। रिश्वत एवं झूठे केस का आरोप बुजुर्ग ने लगाया। बुजुर्ग ने इस मामले की शिकायत राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सहित एसपी को की थी। गुरुवार को सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आसारेटा निवासी मानसिंह परमार की शिकायत पर पड़ाना चौकी प्रभारी एसआई विष्णु मीणा सहित दो अन्य पुलिसकर्मी और एक सैनिक को लाइन हाजिर किया गया है।

#### यह है पूरा मामला

शिकायतकर्ता मानसिंह परमार ने बताया कि कभी कभी मंदिरों पर आए साधु संन्यासी के साथ गांजा पीने का शौक है। एक दिन में गांजा पी रहा था, उसी समय एसआई विष्णु मीणा और उनके स्टाफ ने एक चिलम भर गांजे की पुड़िया के साथ पकड़ लिया था। चूंकि गांजा पीना कोई अपराध नहीं लेकिन मुझे डराया, धमकाया गया और एसआई ने 90 हजार रुपए मांगे जो मजबूरन मुझे देना पड़े। एसआई मीणा ने रिश्वत लेने के बाद भी 5 लीटर शराब का झूठा केस बना दिया। इसकी शिकायत मंत्री गौतम टेटवाल से की तो उन्होंने पुलिस को फटकार लगाई। उसके बाद करीब एक महीने में पुलिस ने 90 हजार रुपए वापस कर दिए। लेकिन कार्रवाई नहीं होने से मामले की शिकायत एसपी राजगढ़ से की गई। जांच के बाद एसपी राजगढ़ ने पड़ाना चौकी प्रभारी एसआई विष्णु मीणा सहित सैनिक हीरालाल, पुलिसकर्मी श्यामशंकर पासी और विनोद नायक को निलंबित कर दिया है।

#### आमजन बोले एतिहासिक फैसला

आम तौर पर देखा जाता है कि पुलिस के सामने अपराधी तो क्या आमजन भी अपनी सफाई नहीं दे पाते और वह अपराधी बन जाता है उसकी कोई सुनवाई नहीं होती है। ऐसे में राजगढ़ के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बुजुर्ग पर लगाए गए झूठे केस एवं रिश्वत के रूप में लिए गए 90 हजार पर चौकी प्रभारी सहित पूरा स्टाफ को सस्पेंड कर करना आम जनता के मन में पुलिस व कानून के प्रति सम्मान को बढ़ाएगा। मिश्रा के इस कदम ने आम जन में न्याय के प्रति हौसला पैदा किया है।

## पक्षियों को दाना पानी के लिए सकोरा वितरण

### संस्कार कॉन्वेंट ने पक्षियों के लिए निकाली जागरुकता रैली




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन**

नगर के संस्कार कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में पक्षियों को दाना पानी के लिए नगर में रैली निकाल कर कई स्थानों पर सकोरा का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चों को समझाया गया कि सभी अपने-अपने घर मे पक्षियों को पानी पिलाने हेतु घर के बाहर व छत पर किसी एक छोटे बर्तन में थोड़ा पानी व साफ जगह पर कुछ पक्षियों के खाने की चीज अवश्य रखें। विद्यालय के संचालक देव सिंह यादव ने बताया कि पर्यावरण से संतुलन बनाए रखने में पशु पक्षी कीट पतंगे आदि का महत्वपूर्ण योगदान होता है। गर्मी के दिनों में जल स्त्रोत सभी सुख जाते हैं इसलिए हमें मूक प्राणियों को बचाने हेतु जल पात्रों में पक्षियों के लिए जल अवश्य रखना चाहिए। बच्चों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नारे लगाकर रैली निकाली गई। रैली के उक्त कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के अतिरिक्त संस्था संचालक व प्राचार्य देव सिंह यादव, गोवर्धन लववंशी, पवन शर्मा, राजेश सोनी, पवन यादव आदि सम्मिलित रहे।

### मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

## युग परिवर्तन की बेला में हम सब मिलकर साथ चलें: राठौर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर**



शिक्षकों को अपनी ताकत बढ़ानी है। जब शिक्षक संघ शासन के समक्ष कोई बात रखता है और विभागों में फाइलें चलती है तो एक अधिकारी समर्थन करता है और दो विरोध करते हैं।

हमारी मांग है कि, जब अधिकारी एवं सरकार कोई नीतिगत निर्णय लें तो उस बैठक में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों या शिक्षक संघ की ओर से अधिकृत विशेषज्ञ शिक्षकों को भी आमंत्रित किया जाए। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने चतुर्थ समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग, आयुक्त लोक शिक्षण, शिक्षा मंत्री, आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र व अन्य को अलग-अलग चार पत्र दिए तब जाकर समयमान वेतनमान मिला। शिक्षक संघ के प्रयासों से ही 4ः डीए मिला। उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया में भाग लेना स्वैच्छिक करवाया। अधिकारियों एवं शासन ने हमें आश्वस्त किया है कि, आने वाले समय में हमें क्रमोन्नति भी मिलेगी और छूटे हुए नाम जोड़कर उच्च पद का प्रभार भी मिलेगा। बकाया 4 प्रतिशत डीए भी मिलेगा। 30 जून में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने डीपीआई से चर्चा की जाएगी। शिक्षक विरोधी मानसिकता के अधिकारियों की वरिष्ठ कार्यालयों से रवानगी करवाएंगे। उक्त आशय की जानकारी मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की भोपाल में आयोजित बैठक में प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर द्वारा दी गई। चार सत्रों में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय पदाधिकारी राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, अतिरिक्त महामंत्री संजय राउत,सहित अन्य पदाधिकारियों सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना एवं संगठन मंत्र से बैठक प्रारंभ हुई । कार्यक्रम के दौरान आरएसएस के प्रांत सह कार्यवाह हेमंत सेठिया ने अपने उद्बोधन में संगठन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में पंच परिवर्तन जिसमें मुख्य तत्व समरसता, कुटुंब, पर्यावरण,स्व के भाव को हर क्षेत्र में अंगीकार करना, स्वरोजगार के संकल्प को धरातल पर ले जाने हेतु प्रेरित किया। वही द्वितीय सत्र में सभी संभागों के संभागीय एवं जिला पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याएं प्रांतीय कार्यकारिणी के समक्ष रखीं। तृतीय सत्र के प्रारंभ में राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर ने सभी पदाधिकारियों से 15 दिन में शिक्षा, शिक्षक और समाज हित के लिए संकुल स्तर पर कलस्टर योजना का खाका प्रस्तुत करते हुए संकुल स्तरीय मंडल कलस्टर समितियां बनाने का आव्हान किया। बैठक के अंतिम सत्र में प्रांत अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को बैठकों के लिए आवश्यक निर्देश दिए आदि दिए। इस दौरान महेंद्र कपूर, दिनेश शर्मा, हिम्मत सिंह जैन, हीरालाल तिरोले, सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा,जगदीश कुंभकार सहित सारंगपुर के शिक्षक मौजूद थे।

## स्वीमिंग पूल कर्मियों को एसपी ने स्वयं खड़े रहकर दिलवाई ट्रेनिंग

### ग्रीष्मावकाश में अनेकों बच्चे स्वीमिंग पूल में आते हैं सीखने

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**




आधिकाधिक बच्चों सहित अन्य लोगों को तैराकी सिखाने के मकसद से पिछले दिनों सर्किट हाऊस के नजदीक स्थित शासकीय स्वीमिंग पूल का शुभारंभ करवाया गया था। स्वीमिंग पूल के बच्चों को अच्छी तरह से तैराकी सिखाने सहित यहां के कर्मचारियों, ट्रेनरों को रेस्स्क्यू संबंधी अन्य गुर सिखाने के मकसद से गुरुवार को पूल पर कैंप आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा स्वयं इस कैंप में मार्गदर्शन के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने होमगार्ड की एसडीईआरएफ टीम के एक्सपर्ट सदस्यों को निर्देषित किया कि पूल के सभी कर्मचारियों को तैराकी सिखाने, डूबते व्यक्ति को बचाने सहित रेस्क्यू की अन्य सभी जानकारियां देकर पूरी पैरक्टिस करवा दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने खेल युवा कल्याण अधिकारी को यह सुनिष्चित करने कहा कि महिलाओं के स्वीमिंग सीखने के समय पर किसी पुरुष को पूल में एंट्री न दी जाए।

#### उपलब्ध करवाए ट्यूब, लाइफगार्ड

कुछ स्कूलों में ग्रीष्मावकाश शुरू हो चुके हैं वहीं कुछ स्कूलों में शुरू होने वाले हैं। ऐसे में अब अनेकों बच्चे पूल पर तैराकी सीखने आया करेंगे। एसपी द्वारा यहां सुरक्षात्मक रूप से ट्यूब्स, लाईफगार्ड समेत अन्य संसाधन विभागीय रूप से मुहैय करवाए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि पूल पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति, बच्चे की बाकायदा रजिस्टर में एंट्री की जाए।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक संपन्न

**जीरापुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक सौंधिया समाज धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव प्रभारी, पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह की उपस्थिति में चुनाव अभियान की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें मंडलम प्रभारी को विशेष जिम्मेदारी दी तथा प्रत्येक पोलिंग बूथ पर दमदारी से कार्य करने की बात कही।

पूर्व ऊर्जा मंत्री लोकसभा प्रभारी प्रियव्रत सिंह ने कहा कि हमें जनता को यह बताना होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने गुरुजी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षाकर्मी, पंचायतकर्मी, स्वास्थ्य विभाग में गांव गांव में नौकरी दी। जबकि जबसे भाजपा की सरकार है किसे नौकरी मिली भाजपाई ने कहा था कि दो करोड़ नौकरी देंगे किसी को नौकरी नहीं मिली। महंगाई चरम पर है। किसानों को 15 लाख खाते में जमा करेंगे आज तक 1 रुपए जमा नहीं हुआ। जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने रेल लाइन, कुण्डालिया डेम कालेज, मेडिकल कॉलेज राजगढ़ यह उनके समय स्वीकृत किए। बैठक में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत सहित मंडलम अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी, बीएलए, युवा यूथ अध्यक्ष, एनएसयूआई सहित पदाधिकारी, सरपंच, जनपद सदस्य मौजूद रहे।

#### पांच अप्रैल से 12 दिन के लिए बंद रहेगी मंडी

**विदिशा।** 5 से 28 अप्रैल के बीच कृषि उपज मंडी में 12 दिनों का अवकाश रहेगा। 5 अप्रैल शुक्रवार को मां कर्मा देवी जयंती के कारण कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। वहीं 7 अप्रैल रविवार होने के कारण मंडी बंद रहेगी। 8 अप्रैल सोमवार को अमावस्या, 9 अप्रेल मंगलवार को गुढ़ीपढ़वा, 10 अप्रेल बुधवार को झूलेलाल जयंती होने के कारण मंडी में अवकाश रहेगा। 11 अप्रेल गुरुवार को ईद, 13 अप्रैल को दूसरा शनिवार होने से बैंक बंद रहने के कारण नीलामी नहीं होगी।

### बुजुर्ग महिलाओं ने सुनाई दशामाता की कथा, नगर सहित ग्रामीण अंचलों में महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

# महिलाओं ने पीपल की पूजा कर दशा माता से की सुख-समृद्धि की कामना



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

होलिका पर्व के दसवें दिन आने वाले दशामाता व्रत पर्व पर गुरूवार को सनातनी श्रृद्धालु महिलाओं द्वारा व्रत, उपवास रखते हुए पीपल के वृक्षों की पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं द्वारा विधि-विधान के साथ वृक्षों पर मनोकामना संबंधी धागा अर्पित करते हुए परिक्रमाएं करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

नगर के विभिन्न पीपलवृक्षों के यहां पूरे दिन महिलाओं द्वारा पूजा-अर्चना का कार्यक्रम चलता नजर आया। बुजुर्ग महिलाओं द्वारा विधि-विधान के साथ सुहागिनों को दशामाता की कथा श्रवण करवाते हुए कथा के प्रभाव और जीवन में उसके लाभों से अवगत करवाया गया।

#### जमीन पर बैठकर की पूजा

स्थानीय सोल्डर क्लब के नजदीक स्थित पीपल के दो वृक्षों के चबूतरों को पिछले दिनों नगर पालिका द्वारा सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते तुड़वा दिया गया था। चबूतरों के टूटा होने से महिलाओं द्वारा वृक्ष के नीचे जमीन पर बैठकर इस बार पूजा-अर्चना की गई है। नगर पालिका के जिम्मेदारों ने आष्वासन दिया था कि सड़क निर्माण कार्य होने के उपरान्त दोनों चूबूतरे पुनः बनवा दिए जाएंगे लेकिन यह कार्य अभी तक नहीं करवाया गया है।

#### पीपल की पूजा कर मनाया गया होली दशमी का व्रत पर्व

जीरापुर नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र में परंपरागत मनाए जाने वाला होली दशमी का महिलाओं का व्रत पर्व महिलाओं द्वारा सुहागनी वेशभूषा नवीन वस्त्र धारण करके आनंद एवं उत्साह से मनाया गया। प्रातः से अपने-अपने घरों से सज-धज कर महिलाओं की टोलिया पीपल के वृक्ष के पास पहुंची, जहां पर होली दशमी नमक व्रत रखकर पीपल वृक्ष की पूजा अर्चना विधि विधान से की। जिन-जिन मंदिरों के पास पीपल वृक्ष वहां पर महिलाओं की काफी भीड़ पूजा अर्चना के लिए लगी रही। वहां पर पंडितों द्वारा इस व्रत से संबंधित कथा महिलाओं को सुनाई गई। बताया जाता है कि यह व्रत परंपरा अनुसार महिलाएं अपने परिवार घर कि सुख समृद्धि खुशहाली के लिए रखकर पीपल के वृक्ष की पूजा करती है। जिसके पीछे पौराणिक मान्यता है की सुख समृद्धि और दशा सकुशल अच्छी बनी रहती है। गुरूवार को सिद्धेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर सहित नगर के अनेकों धार्मिक स्थलों जहां पीपल का वृक्ष है वहां पर महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना करके पीपल के वृक्ष की पूजा अर्चना करके इस व्रत को किया सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर पंडित अनुराग आचार्य शर्मा एवं पंडित नितेश शर्मा ने महिलाओं को इस व्रत से संबंधित कथा सुनाई।



#### दशा माता से मांगा अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद

*खिलचीपुर में भी हिंदू रीति रिवाज अनुसार होली पर्व के दसवें दिन महिलाएं दशा माता ओर पीपल वृक्ष की पूजा करती है। अखंड सौभाग्यवती, सुख समृद्धि का आशीर्वाद लेती है। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में महिलाओं ने गुरुवार को दशा माता की कथा पढ़, पीपल वृक्ष की पूजन अर्चना की।*

